हिंदी पखवाड़े का पुरस्कार वितरण समारोह

वार्षिक रिपोर्ट 2016–17

16

अध्याय

राजभाषा हिंदी का संवर्धन

राजभाषा हिंदी का संवर्धन

भारत के संविधान में राजभाषा के संबंध में दिए गए मेंडेट को दृष्टिगत रखते हुए तथा राजभाषा अधिनियम और नियम के उपबंधों से दिशा–निर्देश लेते हुए कोयला मंत्रालय ने सरकारी कार्य में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने तथा हिंदी के प्रयोग के संबंध में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से राजभाषा नीति के कार्यान्वयन हेतु परिणामोन्मुख प्रयास जारी रखे।

हिंदी सलाहकार समिति

सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के क्षेत्र में मंत्रालय का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से माननीय कोयला राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की अध्यक्षता में हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया गया है।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति

कोयला मंत्रालय में संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति कार्य कर रही है। इस समिति का कार्य सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग में हो रही प्रगति की समीक्षा करने के साथ–साथ उसके प्रयोग में वृद्धि करने के विभिन्न उपायों का सुझाव भी देना है। आलोच्य वर्ष के दौरान जनवरी, 2017 तक समिति की तीन बैठकें हुईं।

ई–ऑफिस में हिंदी में कार्य करने हेतु प्रशिक्षण

ई–ऑफिस के माध्यम से हिंदी में कार्य करने का प्रशिक्षण देने के लिए मंत्रालय में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है। हिंदी में कार्य करना सुविधाजनक बनाने हेतु वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा तैयार की गई प्रशासनिक शब्दावली तथा विभिन्न विषयों की तकनीकी शब्दावली के उपयोग के लिए ई–ऑफिस में लिंक दिया गया है। इसके अतिरिक्त आलोच्य वर्ष के दौरान मंत्रालय में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने का प्रशिक्षण देने हेतु विभिन्न विषयों पर नियमित आधार पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहा है।

प्रोत्साहन प्रयास

राजभाषा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रेरक और प्रोत्साहन योजनाओं को लागू करने के साथ–साथ मंत्रालय में आलोच्य वर्ष के दौरान सितंबर मास में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़ा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी की संवैधानिक तथा सांविधिक स्थिति से परिचित कराना था ताकि उन्हें सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। पखवाड़ा के दौरान मंत्रालय के कार्मिकों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनका उद्देश्य मंत्रालय में हिंदी के प्रयोग के प्रति अनुकूल वातावरण का सृजन करना था।

हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय कोयला राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की ओर से एक संदेश जारी किया गया जिसमें राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए भरसक प्रयास करने का अनुरोध किया गया। इसी प्रकार तत्कालीन सचिव (कोयला) ने भी अपील जारी करके सरकारी कामकाज में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए प्रयास करने का अनुरोध किया। पखवाड़ा के दौरान आयोजित की गई हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को तत्कालीन सचिव (कोयला) द्वारा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

ई–पत्रिका

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान ई–पत्रिका का प्रकाशन प्रारंभ किया गया ताकि मंत्रालय के कार्मिक अपनी साहित्यिक क्षमताओं को मूर्त रूप दे सकें। इस पत्रिका के नवीनतम अंक के विमोचन के अवसर पर तत्कालीन सचिव (कोयला) ने हिंदी प्रभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए अधिकारियों/कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे अपनी साहित्यिक रचनाओं से इस ई–पत्रिका को और अधिक समृद्ध बनाएं।

मंत्रालय में कार्मिकों के लिए एक लघु हिंदी पुस्तकालय है जिसमें हिंदी साहित्य की 250 से अधिक स्तरीय पुस्तकें हैं।

उपर्युक्त सभी प्रेरक और प्रोत्साहन प्रयासों का मंत्रालय में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।